पुलिस प्रशिक्षण अवधारणा : उचित ज्ञान, उचित कौशल, उचित दृष्टिकोण

प्रशिक्षण शाखा, पुलिस मुख्यालय

जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.

फोन नंबर 0755– 2443681, 2443683

फेक्स नंबर 0755– 2443681, 2443683

प्रति,

निदेशक,
जवाहर लाल नेहरू पुलिस अकादमी
सागर (म०प्र०)

विषय :- उप पुलिस अधीक्षक बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम वर्ष 2011 के निर्माण तथा क्रियान्वयन विषयक ।

---ooo---

मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा प्रशिक्षण की नवीनतम आवश्यकताओं को परखते हुये नवीनीकृत प्रशिक्षण कार्य योजना हेतु व्यवस्थित आवश्यकता आधारित परिर्वतन कर लक्ष्योन्मुखी, प्रभावशील, नीतिगत एवं वैचारिक रणनीति के अनुसार पुलिस पाठ्यक्रम तैयार करने का प्रयास किया गया है। पुलिस के कार्य की प्रवृत्ति सामाजिक वातावरण से प्रभावित होती है। समाज, अर्थव्यवस्था या राजनीति के विविध पहलुओं में परिवर्तन आने से पुलिस के कार्यों का स्वरूप और उसका संक्रेंद्रण भी परिवर्तित होता है। इन परिवर्तनों का संज्ञान लेकर पुलिस की क्षमता विकास पर भी ध्यान देते हुये पुलिस प्रशिक्षण में बदलाव के निरंतर और ठोस प्रयास करने आवश्यक हैं।

पुलिस आरक्षकों के बुनियादी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने के बाद प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के वरिष्ठतम् बुनियादी प्रशिक्षण समूह अर्थात् उप पुलिस अधीक्षकगण को जिला एवं अनुविभाग में उनकी विशिष्ट और सक्रिय भूमिका को देखते हुये उनके लिये अत्याधुनिक स्तर की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का विश्लेषण का कार्य प्रारंभ किया गया।

इस पाठ्यक्रम के निर्माण हेतु एक विस्तृत टीएनए-ट्रेनिंग नीड एनालिसिस योजना निर्मित की गई, इस योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में विभिन्न प्रचलित पाठ्यक्रमों का अध्ययन, विभिन्न आयोगों, पुलिस सुधार शोध पत्रो तथा राज्य व केन्द्र शासन के विभिन्न दिशा निर्देशों का अध्ययन किया गया तथा इसमें "राष्ट्रीय पुलिस अकादमी" एवं पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो की अनुशंसाओं का संज्ञान लेते हुये इन संस्थाओं द्वारा विकसित उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों हेतु निर्मित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का अध्ययन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों प्रचलित पाठ्यक्रमों का भी संज्ञान लिया गया। द्वितीय चरण में टीएनए योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तर के पुलिस अधिकारियों के अभिमत तथा सुझाव आमंत्रित किये गये तथा उनसे इस विषय पर अपने लिखित सुझाव प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया गया। इस प्रयास के अंतर्गत वरिष्ठ स्तर के पुलिस अधिकारियों, जिला स्तर के नेतृत्व कर्तात अधिकारियों तथा मैदानी स्तर के पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारियों के सुझाव प्राप्त हुये। इस प्रक्रिया के अंतर्गत एक स्टेक होल्डर ग्रुप के रूप में पुलिस कार्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये अनेक उपयोगी सुझाव प्राप्त हुये। इन सुझावों का उपयोग पाठ्यक्रम के निर्माण में किया गया है। इसी प्रकार टीएनए के तृतीय चरण में फोकस ग्रुप डिस्कशन हेतु दो सेमीनार्स अयोजित किये गये जो क्रमशः भोपाल तथा सागर में आयोजित किया गये जिसमें विभिन्न स्तर के मैदानी अधिकारियो, हाल ही में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले उप पुलिस अधीक्षकों, कुछ वर्षों का अनुभव रखने वाले उप पुलिस अधीक्षकों, प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत विभिन्न पुलिस अधिकारियों तथा वरिष्ठ स्तर के पुलिस अधिकारियों को आमंत्रित कर उनसे खुले मंच पर चर्चा कर उनके सुझावों को संग्रहित किया गया। इन सेमीनार्स में विषयवार चर्चाकर प्रत्येक विषय पर अनौपचारिक माहौल में सुझाव आमंत्रित करते हुये पुलिस के वास्तविक कार्य में उपयोगिता तथा प्रशिक्षण प्रदान करने की परिस्थितियों के अंतर्गत प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुये प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के निर्माण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण सुझाव हुये जिनका समावेश पाठ्यक्रम में किया गया है। चतुर्थ चरण में प्रस्तावित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को विधिवत निर्मित कर उसे विभिन्न स्तर के पुलिस प्रशिक्षकों, मैदानी पुलिस अधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को अध्ययन हेतु तथा विश्लेषण हेतु प्रस्तुत किया गया । उनसे प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रस्तावित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पुनः आवश्यक सशोधन तथा समावेश कर अंतिम चरण में पाठ्यक्रम का निर्माण पूर्ण कर पुलिस महानिदेशक महोदय के द्वारा परीक्षण तथा अनुमोदन किया गया है।

नवीन पाठ्यक्रम के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैं -

1. यह प्रशिक्षण दो सेमेस्टर्स का संस्थागत प्रशिक्षण होगा जिसके पश्चात् जिले में मैदानी स्तर (फील्ड लेवल) व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जावेगा।
2. प्रशिक्षणार्थी को स्वतंत्र कार्य हेतु पुलिस थाने में संबद्ध किया जावेगा साथ ही अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय से भी संबद्ध किया जायेगा ताकि वे अपनी भावी भूमिका और उत्तरदायित्वों को अच्छी तरह समझ सकें।
3. प्रशिक्षुओं में अधिक से अधिक व्यवसायिक दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से संस्थागत प्रशिक्षण के मूल्यांकन के साथ ही जिले के व्यवहारिक प्रशिक्षण का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

4. प्रशिक्षण माड्यूल में उपयोगितामूलक विषय सम्मिलित किये गये हैं जैसे-थाना प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, संवाद कौशल, पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण तकनीक, प्रबंधकीय तकनीक, मानव संसाधन प्रबंधन, केस स्टडी एवं सिमुलेशन मॉड्यूल्स जिनमें थाना स्तर की व्यावहारिक समस्यायों को सुलझाने का अनुभव हो सके।

5. जिला स्तर के प्रशिक्षण में प्रशिक्षण की आवश्यकताओं (ट्रेनिंग नीड्स) का विश्लेषण करते हुए एस.डी.ओ.पी. कार्यालय के व्यवहारिक कार्य का प्रारुप भी शामिल किया गया है।

6. समस्यायों को सुलझाने का कौशल एवं प्रदर्शनोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रशिक्षण मे सम्मिलित है।

7. आंतरिक प्रशिक्षण के प्रत्येक विषय में प्रोजेक्ट वक्र को सम्मिलित किया गया है ताकि प्रशिक्षण में व्यवारिक रूझान विकसित हो सके। इससे ना केवल व्यावसायिक पुलिसिंग हेतु प्रशिक्षणार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि पुलिस अधिकारी के रूप में उनकी आगामी भूमिका से जुड़ा हुआ भय/आशंकायें भी दूर होंगी।

8. प्रशिक्षण के दौरान मैदानी भ्रमण (फील्ड विजिट्स) भी आयेजित किये जायेंगे ताकि प्रशिक्षणार्थी अपने कार्य के दौरान संपक्र में आने वाली अन्य संस्थाओं से परिचित हो सकें और अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकें।

9. प्रशिक्षण में कुछ विशिष्ट केप्सूल कोर्सेस, संवेदनशीलता के विकास से संबंधित मॉड्यूल्स, कौशल विकसित करने हेतु वक्रशॉप्स को भी सम्मिलित किया गया है। विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थानों से भी संबंद्धता इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल की गई है। इससे प्रशिक्षणर्थी उन आवश्यक विषयों में भी जागरूक हो सकेंगे जिन्हें प्रतिदिन की आम कक्षाओं में शामिल करना संभव नहीं हो पाता है।

पाठ्यक्रम को तैयार करने में प्रशिक्षण निदेशालय के अधिकारियों द्वारा कष्ट साध्य प्रयत्न किये गये हैं। इसके प्रारूप की संरचना में श्री अजीत श्रीवास्तव, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण एवं श्री विनीत कपूर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण के प्रयास एवं विशेषज्ञता निश्चित ही प्रशंसनीय है। इस प्रारूप को बनाने में श्रीमती मनीषा पाठक सोनी, पुलिस उप अधीक्षक, पीटीएस इंदौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है साथ ही निरीक्षक श्री मदन मोहन चौधरी, निरीक्षक श्री विजय पुंज, निज सहायक श्री नवाब ख़ान, आरक्षक श्री संदीप चौरसिया एवं श्री दुर्गेश मालवीय द्वारा की गयी सहायता एवं कार्य भी विशेष रूप से उल्लेखित किये जाने एवं सराहना के योग्य हैं।

पाठ्यक्रम में आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण, प्रशिक्षण प्रक्रिया, परीक्षा पद्धति आदि के विषय में विस्तृत निर्देश संबंधित स्थानों पर लिखित हैं। यह पाठ्यक्रम वास्तव में प्रशिक्षण का एक दर्शन है जो वयस्कों के सीखने के सिद्धांतों पर आधारित है। प्रदेश पुलिस के युवा पुलिस उप अधीक्षकगण के समग्र प्रशिक्षण के दौरान उनमें सही दृष्टिकोण, उचित ज्ञान और कौशल के विकास तथा उन्हें व्यवसायिक रूप से दक्ष पुलिस अधिकारी बनाने का यह एक प्रयास है।

यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा आधुनिक प्रशिक्षण पद्धति तथा कौशल के साथ प्रशिक्षु केन्द्रित प्रशिक्षण दृष्टिकोण के साथ लागू किया जायेगा इस विश्वास के साथ उप पुलिस अधीक्षक बुनियादी प्रशिक्षण का नवीन पाठ्यक्रम लागू किया जाता है।

(पुलिस महानिदेशक म.प्र. द्वारा अनुमोदित)

(राजेन्द्र कुमार)
अतिरक्त पुलिस महानिदेशक,
प्रशिक्षण निदेशालय
पुलिस मुख्यालय, म.प्र. भोपाल

पुलिस उप अधीक्षक बुनियादी प्रशिक्षण

अनुक्रमणिका

क्रमांक	प्रशिक्षण शीर्ष	पेज क्रमांक
1	पुलिस उप अधीक्षकगण के बुनियादी प्रशिक्षण का समग्रावलोकन	01
2	आंतरिक प्रशिक्षण का समग्रावलोकन	02–03
3	बाह्य प्रशिक्षण का समग्रावलोकन	04
4	सामान्य निर्देश	05–07
5	आंतरिक प्रशिक्षण	09–58
6	बाह्य प्रशिक्षण	59–68
7	जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रम	69
8	व्यवहारिक मैदानी भ्रमण (फील्ड विजिट्स)	70
9	कैप्सूल एवं संवेदनशीलता कोर्सस	71
10	विशिष्ट प्रशिक्षण कोर्स	72
11	परीक्षा पद्धति	73–74
12	जिला प्रशिक्षण का रिव्यू एवं अंक योजना	75
13	निर्देशक जेएनपीए द्वारा मूल्यांकन- अंक योजना	76
14	आंतरिक प्रशिक्षण में प्रोजेक्ट वक्र	77

उप पुलिस अधीक्षकगण के बुनियादी प्रशिक्षण का समग्र पाठ्यक्रम

क्र.	प्रशिक्षण शीर्षक	समय	आंतरिक प्रशिक्षण		बाह्य प्रशिक्षण		कुल पीरियड	कुल अंक	टिप्पणी
			पीरियड	अंक	पीरियड	अंक			
1	फाउण्डेशन कोर्स	2 माह							प्रशासनिक अकादमी भोपाल
2	प्रथम सेमेस्टर	6 माह	700	700	425	150	1125	850	जनपुअ सागर
3	आरएपीटीसी इंदौर	2 माह				225	350	225	1 माह वेपन एवं टेक्टिक्स ट्रेनिंग एवं 15 दिवस जंगल केम्प एवं 15 दिवस विशेष कैप्सूल कोर्स ऑन मैनेजमेंट एंड यूज ऑफ टेक्नालाजी इन पुलिस वक्र
4	द्वितीय सेमेस्टर	6 माह	500	600	425	225	925	825	जनपुअ सागर
5	कैप्सूल कोर्स एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण भ्रमण						250		जनपुअ सागर
6	जिला प्रशिक्षण एवं जिला प्रशिक्षण का मूल्यांकन	7 माह 15 दिन						100	जिला प्रशिक्षण के अंतिम तिमाही के अंतिम चरण में ''प्रोजेक्ट कार्य'' पर 50 अंक जिला प्रशिक्षण की रिपोर्ट के पावर प्वाइंट प्रस्तुति करण पर 25 अंक एवं जिला प्रशिक्षण पर आधारित वायवा पर 25 अंक
7	अंतिम चरण	15 दिन							7 दिवसीय मूल्यांकन एवं जेएनपीए का पुनर्भ्रमण/मूल्यांकन 7 दिवसीय पुलिस मुख्यालय से संलग्नता
8	निर्देशक द्वारा मूल्यांकन							100	50 अंक प्रथम सेमेस्टर में एवं 50 अंक अंतिम चरण में जिला प्रशिक्षण के उपरांत दिये जाना हैं।
	योग	**24 माह**	**1200**	**1300**	**850**	**600**	**2650**	**2100**	

आंतरिक प्रशिक्षण
प्रथम सेमेस्टर (6 माह)

क्रं०	विषय	पीरियड	अंक
1	आधुनिक भारत और पुलिस :- संगठन एवं प्रशासन	100	100
	योग	**100**	**100**
2	भारतीय दण्ड विधान, न्याय शास्त्र एवं आपराधिक लघु अधिनियम		
	अ. न्याय शास्त्र (ज्यूरिसप्रूडेंस)	10	10
	ब. भारतीय दण्ड विधान 1860	65	65
	स. आपराधिक लघु अधिनियम	25	25
	योग	**100**	**100**
3	दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम		
	अ. दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973	75	75
	ब. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872	25	25
	योग	**100**	**100**
4	अपराध अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण		
	अ. अपराध अनुसंधान	75	75
	ब. उप पुलिस अधीक्षक की भूमिका में अपराध अनुसंधान का पर्यवेक्षण	25	25
	योग	**100**	**100**
5	विधि विज्ञान (फोरेंसिक्स)		
	अ. विधि विज्ञान एवं अपराध अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता	60	60
	ब. चिकित्सा विधि विज्ञान (मेडिकल ज्यूरिसप्रूडेंस/फोरेंसिक मेडिसिन)	40	40
	योग	**100**	**100**
6	थाना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में निरीक्षण		
	अ. थाना प्रबंधन	60	75
	ब. पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा निरीक्षण	40	25
	योग	**100**	**100**
7	अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा, गुप्तवार्ता, कानून-व्यवस्था, यातायात एवं आपदा प्रबंधन		
	अ. अपराधों की रोकथाम	20	20
	ब. सुरक्षा	20	20
	स. निगरानी एवं आसूचना संकलन	20	20
	द. कानून-व्यवस्था का संधारण	20	20
	इ. यातायात प्रबंधन	10	10
	फ. आपदा प्रबंधन	10	10
	योग	**100**	**100**
	प्रथम सेमेस्टर का महायोग	**100**	**100**

द्वितीय सेमेस्टर (6 माह)			
प्रश्न पत्र क्र.	**विषय**	**पीरियड**	**अंक**
8	कार्यालयीन प्रक्रिया, पुलिस प्रशासन एवं सेवा विषय, विभागीय जॉच एवं अपील		
	अ. कार्यालयीन प्रक्रिया	25	40
	ब. पुलिस प्रशासन एवं सेवा संबंधी विषय	30	40
	स. अनुशासनात्मक शक्तियां, विभागीय जॉच एवं अपील	20	20
	योग	75	100
9	भारतीय संविधान, अपराध शास्त्र, मानव अधिकार एवं नीति शास्त्र		
	अ. भारतीय संविधान	30	30
	ब. अपराध शास्त्र	35	35
	द. मानव अधिकार एवं नीति शास्त्र	35	35
	योग	100	100
10	प्रबंधन कौशल एवं पुलिस के लिये सिद्धांत (मैनेजमेंट प्रिसिंपल्स् फार पुलिस)		
	अ. प्रबंधन के सिद्धांत	40	50
	ब. संपक्र प्रबंधन एवं पुलिस कार्य	35	50
	योग	75	100
11	व्यक्तित्व विकास एव मानव व्यवहार		
	अ. मानव व्यवहार	25	25
	ब. संवाद कौशल	30	50
	स. व्यक्तित्व विकास	20	25
	योग	75	100
12	कम्प्यूटर आफिस स्वचालन (ऑटोमेशन) एवं साईबर फोरेन्सिक्स		
	अ. कम्प्यूटर कुशलता एवं आफिस स्वचालन (ऑटोमेशन)	35	25
	ब. एमएस आफिस एवं डाटाबेस प्रबंधन/पुलिस के विशिष्ट सॉफ्टवेयर	25	25
	स. साईबर फोरेन्सिक्स	40	50
	योग	100	100
13	केस स्टडी एवं सिमुलेशन एक्सरसाइज		
	(प्रशिक्षण हेतु घटनाओं/प्रक्रियाओं का काल्पनिक चित्रण)	75	100
	योग	75	100
	द्वितीय सेमेस्टर का महायोग	**100**	**100**
	कुल योग प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर	**100**	**100**

बाह्य प्रशिक्षण

क्र.	विषय	पीरियड				अंक				टिप्पणी
		प्रथम सेमे.	द्वितीय सेमे.	योग	आरए पीटीसी	प्रथम सेमे.	द्वितीय सेमे.	आरएपी टीसी	योग	
1	शारीरिक दक्षता टेस्ट तथा आवस्टीकल्स	85	75	160		50	50		100	
2	ड्रिल	75	95	170		50	50		100	
3	दंगा प्रवंधन ड्रिल एवं अस्रु गैस	20	20	40		25	25		50	
4	शस्त्र प्रशिक्षण तथा फायरिंग परीक्षा	40	40	80	190			150 (75 अंक शस्त्र प्रशिक्षण तथा 75 अंक फायरिंग)	150	**जेएनपीए में 80 पीरियड, आरएपीटीसी में 190 पीरियड। आरएपीटीसी में 150 अंक की परीक्षा होगी जबकि द्वितीय सेमेस्टर के पीरियड केवल अभ्यास हेतु होगें।**
5	फील्ड क्राप्ट, टेक्टिस एवं विस्फोट निरोधक कार्य, जंगल कैम्प सहित	35	25	60	90			75	75	**जेएनपीए में 40 पीरियड, आरएपीटीसी में 90 पीरियड प्रशिक्षण के उपरान्त 75 अंक की परीक्षा होगी जिनमें 50 अंक फील्ड क्राप्ट, एवं टेक्टिस के 15 अंक जंगल कैम्प एवं मानचित्र अनुसरण के 10 अंक विस्फोट निरोधक कार्य के होगे। द्वितीय सेमेस्टर के पीरियड केवल अभ्यास हेतु होंगे ।**
6	यू.ए.सी.	45	45	90		25	25		50	
7	योग प्रशिक्षण	25	25	50		0	25		25	
8	ड्राईविंग एवं मोटर मेंन्टेनेंस	25	25	50		0	50		50	
9	खेल	75	75	150						
	कुल योग -	**425**	**425**	**850**	**280**	**150**	**225**	**225**	**600**	

सामान्य निर्देश

1. पुलिस उप अधीक्षकगण का संपूर्ण प्रशिक्षण कुल 24 माह को होगा । इसमें से 16 माह 15 दिवस का संस्थागत प्रशिक्षण होगा जो जवहार लाल नेहरू पुलिस अकादमी सागर, आरएपीटीसी इंदौर तथा प्रशासन अकादमी भोपाल तथा प्रदेश की अन्य प्रशिक्षण संस्थाओं में आयोजित होगा। इसके पश्चात् पुलिस कार्य के व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु जिले में 07 माह 15 दिवस का प्रशिक्षण होगा।

2. संस्थागत प्रशिक्षण को 6–6 माह के दो सेमेस्टर्स में विभाजित किया गया है। इस प्रकार जवाहर लाल नेहरू पुलिस अकादमी, (जेएनपीए) सागर में कुल 12 माह का संस्थागत प्रशिक्षण होगा। प्रथम सेमेस्टर के बाद रूस्तम जी सशस्त्र पुलिस महाविद्यालय, (आरएपीटीसी) इंदौर में 2 माह, अंतिम चरण में पुनः 15 दिवस जेएनपीए व पुलिस मुख्यालय, भोपाल में प्रशिक्षण होगा। प्रशासन अकादमी भोपाल में 2 माह का फाउण्डेशन कोर्स भी आयोजित किया जायेगा। इस प्रकार कुल 16 माह 15 दिवस का संस्थागत प्रशिक्षण पूर्ण होगा। जिले का व्यवहारिक प्रशिक्षण 7 माह 15 दिवस का होगा। इस प्रकार कुल प्रशिक्षण 24 माह का होगा।

3. जिला स्तर पर 07 माह 15 दिवस का प्रशिक्षण होगा, जिसमें से 2 माह किसी ग्रामीण थाने में थाना प्रभारी के रूप में स्वतंत्र कार्य करने के लिये तथा 1 माह किसी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय सं संबद्ध रहने के लिये होंगे। शेष समय में जिला पुलिस के विभिन्न कार्यों का व्यवहारिक प्रशिक्षण होगा।

4. जिले का प्रशिक्षण संपूर्ण संस्थागत प्रशिक्षण के बाद होगा। जेएनपीए में 6 माह का प्रथम सेमेस्टर पूर्ण करने के बाद प्रशिक्षणार्थी 2 माह के लिये आरएपीटीसी जायेंगे जहॉ वेपन, टेक्टिक्ट्स प्रशिक्षण और जंगल कैंप होगा। इसके उपरांत इसी संस्थान में १५ दिवस का विशेष प्रशिक्षण –''कैप्सूल कोर्स ऑन मैनेजमेंट प्रिंसिपल्स एंड यूज ऑफ टेक्नालाजी इन पुलिस वक्र'' का आयोजन होगा। इसके बाद पुनः जेएनपीए में 6 माह का द्वितीय सेमेस्टर होगा और उसे पूर्ण करने के बाद प्रशिक्षणार्थी जिला स्तर पर 7 माह 15 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिलों का निर्धारण प्रशिक्षण निदेशालय के माध्यम से पुलिस मुख्यालय द्वारा किया जायेगा । इसके बाद प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण के अंतिम चरण में 7 दिवस जेएनपीए सागर में रहेंगे जहॉ उनके जिला प्रशिक्षण का रिव्यू होगा तथा ७ दिवस पुलिस मुख्यालय का संगठन और कार्यप्रणाली जानने के उद्देश्य से भोपाल में रहेंगे ।

5. सम्पूर्ण प्रशिक्षण के कुल 2100अंक होंगे। इसमें प्रथम सेमेस्टर 850 अंक का, द्वितीय सेमेस्टर 825 अंक का, आरएपीटीसी की परीक्षा 225 अंक की होगी। इसके साथ ही जिला प्रशिक्षण के मूल्यांकन पर 100 अंक और निदेशक जेएनपीए द्वारा मूल्यांकन के 100 अंक होंगे ।

6. प्रथम सेमेस्टर मे पॉच माहों के प्रशिक्षण के उपरांत छटवे माह में प्रोजेक्ट कार्य का विश्लेषण तथा परीक्षा का आयोजन होगा। उक्त परीक्षा में बाह्य परीक्षक नियुक्त होंगे तथा प्रोजेक्ट कार्य का विश्लेषण भी बाह्य समिति द्वारा किया जायेगा।

7. द्वितीय सेमेस्टर के अंत में 05 माह के प्रशिक्षण उपरांत द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का आयोजन होगा। इस परीक्षा के दौरान प्रथम सेमेस्टर की तरह ही प्रोजेक्ट कार्य का विश्लेषण तथा लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। उक्त परीक्षा में बाह्य परीक्षक नियुक्त होंगे तथा प्रोजेक्ट कार्य का विश्लेषण भी बाह्य समिति द्वारा किया जायेगा। इसके उपरांत छटे माह में बचे हुये कैप्सूल कोर्सेज, अतिथि व्याख्यान तथा दीक्षान्त परेड की तैयारी तथा दीक्षान्त परेड का आयोजन होगा।

8. प्रथम सेमेस्टर के उपरांत सातवे माह से दो माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरएपीटीसी में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम माह में शस्त्रों का प्रशिक्षण तथा फील्ड क्राफ्ट एवं टेक्टिक्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके उपरांत सात दिवस का जंगल केम्प आयोजित होगा। जंगल केम्प के उपरांत शेष बचे सात दिवस में वेपन प्रशिक्षण की परीक्षा, फायरिंग परीक्षा, विस्फोटक संबंधी परीक्षा तथा फील्डक्राफ्ट–टेक्टिक्स एवं मेप रीडिंग की परीक्षा आयोजित होगी। इसके उपरांत इसी संस्थान में 15 दिवस का विशेष प्रशिक्षण –''कैप्सूल कोर्स ऑन मैनेजमेंट प्रिंसिपल्स एंड यूज ऑफ टेक्नालाजी इन पुलिस वक्र'' का आयोजन होगा।

9. सभी प्रशिक्षणार्थी (परिवीक्षाधीन अधिकारीगण) उनकी यूनीफॉर्म, अनुशासन, पाठ्यक्रम और समस्त प्रशिक्षण (संस्थागत हो या जिला प्रशिक्षण) के विषय में प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देशों का तथा निदेशक जनपुअ सागर के निर्देशों के पालन हेतु प्रतिबद्ध होंगे।

10. जिले में प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक परिवीक्षाधीन अधिकारी का एक प्रशिक्षण प्रगति पुस्तिका (ट्रेनिंग प्रोग्रेस वक्र बुक) दी जायेगी जिसे वे स्वयं नियमित रूप से भरेंगे और अपने जिले के पुलिस अधीक्षक के समक्ष रिव्यू हेतु प्रस्तुत करेंगे । यह पुस्तिका अंतिम चरण में जेएनपीए सागर मे प्रशिक्षणार्थी द्वारा प्रस्तुत की जायेगी और इसका अवलोकन, परीक्षण करके ही निदेशक जेएनपीए द्वारा मूल्यांकन अंक प्रदान किये जायेंगे ।

11. आंतरिक प्रशिक्षण का रूझान उसके व्यावहारिक पक्ष पर अधिक रहेगा इसीलिये लिखित परीक्षा के साथ साथ प्रोजेक्ट वक्र भी शामिल किया गया है । सभी 13 विषयों में प्रोजेक्ट वक्र होगा। इस प्रकार प्रत्येक 100 अंक के विषय में 90 अंक लिखित परीक्षा के और 10 अंक प्रोजेक्ट के होंगे । पेपर 11 एवं 12 में प्रायोगक होंगे जो प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान और विकसित किये गये कौशल पर आधारित होंगे। प्रोजेक्ट का विश्लेषण बाह्य समिति के पैनल द्वारा किया जायेगा।

12. सभी प्रशिक्षणर्थियों को प्राजेक्ट वक्र दिये जायेंगे जिनके विषय के चयन में प्रतिभागी की रूचि का ध्यान रखा जायेगा। विषयों का चयन इस प्रकार किया जायेगा कि प्रशिक्षण के अधिकतम पहलुओं को छुआ जा सके और किसी विषय का दोहराव भी ना हो। विषयों का चयन कर एक माह पूर्व ही विषयों का आंवटन सार्वजनिक घोषणा तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा पर किया जायेगा।

13. बाह्य प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि प्रतिदिन के पुलिस कार्य में उपयोगी समस्त तत्वों को शामिल किया जा सके । इसे दृष्टिगत रखते हुये शारीरिक क्षमता (स्टेमिना एंड एंड्योरेंस), निहत्थी लड़ाई का कौशल (यूएसी), वेपन, जंगल एंड वॉर टेक्टिक्ट्स विकसित करने पर अधिक ध्यान दिया गया है। .बलवा ड्रिल, मोटर ड्रायविंग, खेल और टीम गेम्स को पुलिस प्रशिक्षण का अनिवार्य अंग बनाया गया है ।

14. पुलिस उप अधीक्षकगण की “प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण” (ट्रेनिंग नीड एनालिसिस) में यह तथ्य सामने आया था कि प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रकार प्रशिक्षित और विकसित किया जाये कि वे वर्तमान लोक कल्याणकारी, लोकतंत्रात्मक और जनोन्मुखी व्यवस्था में एक पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभा सकें । इस कारण उचित दृष्टिकोण एवं व्यवहार के विकास, नैतिकता, मानवाधिकार संबंधी पहलू, संवाद कौशल, व्यक्तित्व विकास और प्रबंधन तकनीकों पर अधिक ज़ोर दिया गया है ।

15. पुलिस कार्य के व्यवहारात्मक पक्ष और व्यवसायिक कौशल के विकास के उद्देश्य से पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण का यथासंभव व्यावहारिक बनाया गया है तथा समस्या उन्मूलन मॉड्यूल्स (प्रॉब्लम सॉल्विंग मॉड्यूल्स) को जोड़ा गया है।

16. पुलिस कार्य, सामान्य शासन और प्रशासन से संबंधित विशिष्ट बिंदुओं पर कुछ केप्सूल कार्य एंव संवेदनशीलता मॉड्यूल्स भी जोड़े गये हैं। इसमें संबंधित क्षेत्र के अतिथ विशेषज्ञ की विशेष कक्षा या वक्रशॉप आयोजित की जा सकेगी । इसके लिये राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों, विश्वविद्यालयों से विशेषज्ञों और सम्मानित अधिकारियों को आंमत्रित किया जायेगा जिन्होंने प्रशिक्षण से संबंधित किसी बिंदु से जुड़े अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियॉं अर्जित की हों ।

17. इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण भ्रमण और मैदानी परिस्थितियों से एक्सपोजर को भी सम्मिलित किया गया है । इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थी ऐसी विभिन्न इकाईयों और संस्थानों का भ्रमण करेंगे जिनका सहयोग पुलिस कार्य में आवश्यक होता है। ये ऐसी इकाईयॉ होगी जिनके कार्य का प्रारंभिक ज्ञान होना एक पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी की दक्षता के लिये अनिवार्य अंग है । इस दौरान पुलिस विभाग के विभिन्न कार्यालयों और कार्यपालिक दंडाधिकारियों के कार्यालयों का भी भ्रमण कराया जायेगा। आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रमुख अंगों के रूप में न्यायालय और कारागार का भी भ्रमण आयोजित किया जायेगा ।

18. प्रशिक्षण में सागर रेंज/जिले में "थाना कार्य से परिचय" का एक तीन दिवसीय कार्यक्रम जोड़ा गया है। प्रथम सेमेस्टर के दौरान थाने में वास्तविक रूप से उपस्थित रहकर प्रशिक्षणार्थी पुलिसिंग के बारे में समझ विकसित कर सकेंगे। इससे वे अपने आगामी प्रशिक्षण के लिये संदर्भ बिंदु (रिफरेंस प्वाइंट) निर्धारित कर सकेंगे। यद्यपि पुलिस कार्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण जिलों में 10 माह की अवधि का होगा तथापि थाने में 03 दिवस की संबद्धता और पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय का भ्रमण उन्हें पुलिस का प्रारंभिक परिचय प्रदान करेगा

19. जिला स्तर पर प्रशिक्षण 07 माह 15 दिवस का होगा जिसमें से 3 माह किसी ग्रामीण थाने में थाना प्रभारी के रूप में स्वतंत्र कार्य करने के लिये तथा एक माह किसी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय सं संबद्ध रहने के लिये होंगे । इस दौरान एक अनुभवी पुलिस उप अधीक्षक, जो अनुविभागीय अधिकारी भी हों इनके मेंटॉर के रूप में रहेंगे। जिला स्तर पर प्राप्त व्यावहारिक प्रशिक्षण के मूल्यांकन का भी प्रावधान इस पाठ्यक्रम में किया गया है। इसके लिये जिला स्तर पर प्रशिक्षण के दौरान तैयार वक्रबुक और उमें संबंधित पुलिस अधीक्षक की टीप का अवलोकन व परीक्षण जेएनपीए निर्देशक द्वारा किया जायेगा । इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण के अंतिम चरण में प्रशिक्षणार्थी द्वारा प्रोजेक्ट वक्र, पॉवर प्वांइट प्रेजेंटेशन और केस स्टडीज प्रस्तुत की जायेंगी और इनके मूल्यांकन पर भी पृथक से अंक प्रदान किये जायेंगे।

20. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामाजिक परिवर्तन तथा आधुनिक समय में पुलिस की अधिकारी के समक्ष आने वाली चुनौतियों को समझकर व्यवहारिक कार्यक्षमता के विकास हेतु उचित गुणों के विकास, उचित ज्ञान के संबंर्धन, उचित दृष्टिकोण के निर्माण तथा उचित कौशल के विकास हेतु प्रशिक्षण को केन्द्रित किया गया है।

21. प्रशिक्षुओं मे नेतिक क्षमता विकसिक करने हेतु प्रत्येक 7 दिवस में प्रत्येक सोमवार को टोली लीडर बदले जायेगे तथा प्रशिक्षण अवधि में समस्त टोली लीडर्स को नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रत्येक प्रशिक्षु को टोली लीडर बनना अनिवार्य होगा।

22. प्रशिक्षु अधिकारियों के मध्य से विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों का चयन होगा जिन्हें विभिन्न समितियों का प्रभार देखने का अवसर दो माह तक लगातार प्राप्त होगा तथा दो माह बाद रोटेशन के आधार पर प्रभार में परिवर्तन होगा। प्रशिक्षु अधिकारियों की निम्नलिखित समितियां निर्मित की जायेंगी - मैस समिति, सास्कृतिक गतिबिधियों की समिति, खेलकूंद गतिबिधियों की समिति, अकादमिक समिति तथा जनरल मैन्टेन्स समिति। इन पॉच समितियों में पृथक-पृथक अधिकारी होगे जो अपनी अपनी समिति का प्रभारी प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारियों के सहयोग स संपादित करेंगे।

23. प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण स्तर तथा अनुशासन के संबंध में मासिक रिव्यू निदेशक द्वारा किया जायेगा तथा इस संबंध में उन्हे अवगत कराया जायेगा।

24. प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण के संबंध में निदेशक प्रतिमाह एक मीटिंग आयोजित कर समस्त प्रशिक्षुओ सं उनके प्रशिक्षण, निवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था तथा प्रशिक्षण क स्तर के संबंध में अनौपचारिक चर्चा करेंगे तथा उनके साथ अनौपचारिक भोज में भी सम्मिलित होंगे। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को विभिन्न अधिकारियों से भी भेंट करने के अवसर भी प्राप्त होंगे। जब भी कोई वरिष्ठ अधिकारी जेएनपीए सागर भ्रमण पर या लेक्चर देने आता है तो उसके सम्मान में उप पुलिस अधीक्षक (परि.) द्वारा भोज (लंच/डिनर) का आयोजन जएनपीए में किया जाये।

आंतरिक प्रशिक्षण

आंतरिक प्रशिक्षण

पेपर - 1

आधुनिक भारत में पुलिस- संगठन एवं प्रशासन

सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 1

आधुनिक भारत में पुलिस आधुनिक भारत में पुलिस की भूमिका

सत्र - 22 **अंक - 20**

स.क्र.	विषय
1	सामाजिक ढॉचा एवं अपराध
2	लोक कल्याणकारी राज्य में पुलिस की भूमिका
3	सामाजिक ढॉचे में परिर्वतन एवं जनमत तथा पुलिस के कार्य में इसका प्रभाव
4	जन आंकाक्षाओं में परिवर्तन एवं पुलिस के निहितार्थ
5	लोक व्यवस्था बनाने में पुलिस की भूमिका, अपराधों की रोकथाम एवं पतासाजी
6	आंतरिक सुरक्षा
7	आतंकवाद/उग्रवाद/असुरक्षा के कारक
8	जातीय एवं साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण एवं पुलिस की भूमिका
9	विभिन्न वर्गो के बीच आपराधिक गठजोड़

पेपर - 1

आधुनिक भारत में पुलिस- संगठन एवं प्रशासन

सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 2

मध्यप्रदेश पुलिस व्यवस्था

सत्र - 70 **अंक - 70**

क्र०	विषय
1	मध्यप्रदेश पुलिस का इतिहास
2	प्रशासन की संभागीय, जिला एवं अनुविभागीय संरचना तथा पुलिस से संबंध
3	विभिन्न प्रशासनिक स्तर पर पुलिस एवं अन्य शासकीय विभागो के बीच संबंध
4	राज्य पुलिस संगठन की संरचना
5	विभिन्न स्तरो पर पुलिस की ढॉचागत संरचना एवं भूमिका
6	राज्य पुलिस मुख्यालय
7	झोन एवं रेन्ज पुलिस की संरचना
8	जिला
9	अनुविभाग
10	पुलिस थाना
11	रक्षित आरक्षी केंन्द्र (रिजर्व पुलिस लाइन्स) संगठन एवं कार्य पद्धति , रक्षित केन्द्र का विस्तृत वर्णन, विभिन्न शाखाओं का वर्णन, रक्षित निरीक्षक के कार्य, ड्यूटी टेलर, एमटी, स्टोर, बेल्फेयर तथा अन्य शाखाओं के कार्य।
12	ग्रामीण पुलिस
13	विशेष इकाई संगठन खुफिया विभाग/विशेष शाखा जिला विशेष शाखा (डी.एस.बी.)
14	महिला पुलिस बल एवं महिला थाना
15	आदिम जाति कल्याण
16	एस.टी.एफ., हॉक फोर्स एवं नारकोटिक्स शाखा
17	जिला अपराध शाखा (डी.सी.बी.)-बड़े शहरों में क्राईम ब्रांच तथा विशेष दस्ते।
18	नक्सल विरोधी एवं डकैती विरोधी (ए.डी.) कार्य योजना
19	सी.आई.डी., जी.आर.बी., एस.सी.आर.बी. की भूमिका एवं पुलिस शिकायत
20	विशेष सशस्त्र बल (एस.ए.एफ.) एवं बटालियन
21	पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन
22	पुलिस कल्याण
23	ईओडब्ल्यू तथा लोकायुक्त
24	जिलाधीश का कार्यालय तथा एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (कार्यपालिक दण्डाधिकारी)
25	विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफ.एस.एल.)
26	पुलिस योजना, प्रोविजीनिंग एवं परिवहन
27	राज्य पुलिस कम्प्यूटर संरचना, साईबर पुलिस
28	राज्य प्रशिक्षण संरचना
29	होम गार्ड
30	सामुदायिक पुलिस संरचना
31	ग्रामीण स्वंय सेवा बल/विशेष पुलिस अधिकारी
32	राज्य पुलिस मेनुअल एवं उसके विशेष प्रावधान
33	अभियोजन निर्देशालय एवं उसके पुलिस से संबंध
34	जिले के अन्य प्रशासनिक विभाग
35	गैर शासकीय संस्थायें तथा उनसे समन्वय

पेपर - 1
आधुनिक भारत में पुलिस- संगठन एवं प्रशासन
सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 3 केन्द्रीय पुलिस संगठन

सत्र - 8 **अंक - 10**

स.क्र.	विषय
१	पुलिस कार्य में केन्द्रीय सरकार की भूमिका अनुच्छेद २४६ एवं ३५५ तथा भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची (सूची १ प्रविष्टि ८ एवं ६५)
२	केन्द्रीय पुलिस संगठन- लक्ष्य एवं उद्देश्य
३	इन्टेलीजेन्स ब्यूरो (आई.बी.)
४	केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना) (एन.सी.बी.- इन्टरपोल)
५	पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बी.पी.आर. एंड डी.)
६	केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.)
७	सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ. या सीसुब)
८	भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी.)
९	रेल्वे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.)
१०	केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.)
११	पुलिस प्रशिक्षण संस्थान (एस.बी.पी.एम.पी.ए., सी.डी.टी.एस.आदि)
१२	केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशालाऐं एवं संस्थान (सी.एफ.पी.बी., एन.आई.सी.एफ.एस.आदि सहित), विवादास्पद दस्तावेजों के शासकीय परीक्षक
१३	समन्वय निर्देशालय-पुलिस वितन्तु एवं कम्प्यूटर
१४	राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन.एस.जी.)
१५	विशेष सुरक्षा दस्ता (एस.पी.डी.)
१६	आंतरिक सुरक्षा अकादमी
१७	राष्ट्रीय जॉच एजेन्सी (एन.आई.ए.)
१८	राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.)
१९	भारतीय सशस्त्र बल (प्रादेशिक सेना एवं एन.सी.सी.सहित)
२०	सशस्त्र बल एवं नागरिक प्रशासन
२१	नागरिक सुरक्षा की संरचना

नोट :- लोक व्यवस्था बनाये रखने में सेना एवं केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलो की तैनाती के मुख्य सिद्धांत के विषय में भी प्रशिक्षण दिया जावेगा ।

पेपर - 1
प्रोजेक्ट वर्क

इस विषय में कुल 10 अंक के दो प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना होंगें। जिनमें प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का होगा। पहला प्रोजेक्ट भाग 1 या 2 से होगा तथा दूसरा प्रोजेक्ट पेपर के भाग 3 से होगा ।

पहला प्रोजेक्ट भाग 1 से समाज, अपराध नियंत्रण और सामाजिक कारक से या भाग 2 केंद्रीय पुलिस संगठनों में से हो सकता है । दूसरे प्रोजेक्ट में म.प्र. पुलिस के संगठन से जुड़े शीर्षक हो सकते हैं । यह कोई पुलिस मुख्यालय या रेंज या जिला पुलिस इकाई या पुलिस की किसी भी शाखा का कोई संगठनात्मक चार्ट हो सकता है या एक से अधिक इकाईयों के बीच अंतर्संबधों को दर्शाता फ्लो चार्ट हो भी सकता है ।

विषय की सूची - सभावित विषय (अन्य विषय स्थानीय स्तर पर जनपुअ द्वारा जोड़े जा सकते हैं।)

- मध्यप्रदेश में जिला पुलिस का संगठन - फ्लो चार्ट
- मध्यप्रदेश में पुलिस लाईन का संगठन तथा कार्य
- साम्प्रदायिक हिन्सा तथा पुलिस कार्य
- जातिगत हिन्ता तथा पुलिस कार्य
- केन्द्रीय सुरक्षा बल
- प्रदेश में विशेष शाखा का संगठन
- प्रदेश में सामुदायिक पुलिस व्यवस्था का संगठन
- प्रदेश में रेंज स्तर का पुलिस प्रशासन
- प्रदेश में पुलिस मुख्यालय का संगठन
- आदिम जाति कल्याण विभाग का संगठन तथा थाने
- महिला थाने का संगठन तथा कार्य
- पुलिस अनुविभाग का संगठन तथा कार्य
- विगत दो दसकों में आतंकवाद की प्रमुख घटनायें तथा पुलिस कार्यवाहियां
- समाज में पुलिस की स्थिति
- भारत में आन्तरिक सुरक्षा तथा पुलिस को चुनौतियां
- मध्यप्रदेश में आन्तरिक सुरक्षा की परिस्थिति तथा चुनौतियां
- प्रदेश में एसएएफ का संगठन
- प्रदेश की विशिष्ट पुलिस व्यवस्थायें - एटीएस, एसटीएफ, हॉक फोर्स, नारकोटिक्स पुलिस इत्यादि
- सायवर पुलिस व्यवस्था
- अभियोजन शाखाओं का संगठन तथा पुलिस से समन्वय

पेपर - 2
भारतीय दण्ड विधान, न्याय शास्त्र, तथा आपराधिक लघु अधिनियम
सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 1 न्याय शास्त्र एवं विधिक अवधारणा

सत्र - 10 **अंक - 10**

क्र.	विषय
1	न्याय शास्त्र की परिभाषा एवं विधिक सिद्धांत के मायने, न्याय की अवधारणा तथा प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत, कोई कृत्य अपराध क्यों होता है ?
2	न्याय का सिद्धांत, न्याय का प्रशासन, दीवानी एवं आपराधिक न्याय प्रणाली, विधिक अवधारणा, मेन्सरिया, साक्ष्य का दायित्व, संदेह का लाभ, साक्ष्य एवं सिद्ध
3	जिज्ञासु एवं आपराधिक न्याय प्रशासन की दांडिक प्रणाली, न्याय प्रक्रिया का महत्व
4	न्यायविधानों की व्याख्या प्दजमतचतमजंजपवद वि जंजनमे

पेपर - 2
भारतीय दण्ड विधान, न्याय शास्त्र तथा आपराधिक लघु अधिनियम
सत्र - 100, अंक - 100
भाग - 2 - भारतीय दण्ड विधान 1860

सत्र - 65 **अंक - 65**

क्र0	विषय
1	भारतीय दण्ड विधान 1860 का परिचय
2	प्रस्तावना एवं धारा 1 से 5 (अध्याय–1)
3	सामान्य परिभाषा (अध्याय–2)
4	दण्ड (अध्याय–3) धारा– 53 से 71, 74 व 75
5	सामान्य अपवाद (अध्याय–4)
6	दुष्प्रेरण (अध्याय–5)
7	अपराधिक षड्यंत्र (अध्याय–5 अ)
8	राज्य के विरूद्ध अपराध (अध्याय–6)
9	लोक प्रशांति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–8) धारा– 141 से 160
10	लोक सेवक से संबंधित अपराध (अध्याय–9) धारा– 161 से 165'ए', 166, 167, 168, 169, 170
11	निर्वाचन संबंधी अपराध (अध्याय–9'अ') धारा–171'ए' से 'आई'
12	लोक सेवको के विधिपूर्ण प्राधिकार की अवमानना से संबंधित अपराध (अध्याय–10) धारा– 172 से 190
13	मिथ्या दस्तावेज एवं लोक सेवकों के विरूद्ध अपराध (अध्याय–11) धारा–191 से 193, 196, 201, 202, 211, 212, ५16 से 218, 221 से 225'बी'
14	लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षेम, शिष्टाचार और सदाचार पर प्रभाव 6लने वाले अपराध (अध्याय–14) धारा–268, 269, 278, 279, 292 से 294'ए'
15	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)–I धारा–299 से 304, 304–ए, बी, 306, 307 से 309, 312 से 318
16	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)– II धारा–319प्से 336, 332, 333, 336, 337, 338
17	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)– III धारा–339 से 341
18	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)– VI धारा–339 से 351, 353, 354

19	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)– V धारा–359 से 363'ए', 366, 366'ए', 'बी', 367 से 369
20	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)– VI धारा–372 से 374
21	मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध (अध्याय–16)– VII धारा–375 से 377
	बिन्दु क्रमांक–9 से 21 तक के विषयों पर टेस्ट
22	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–I धारा–378 से 382
23	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–II धारा–383 से 389
24	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–III धारा–390 से 402
25	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–IV धारा–403 से 406, 409
26	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–V धारा–410 से 114
27	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–VI धारा–415 से 420
28	सम्पत्ति के विरूद्ध अपराध (अध्याय–17)–VII धारा–425, 426, 429, 435, 436, 441 से 448, 454 से 460
	बिन्दु क्रमांक–21 से 28 तक विषयों पर टेस्ट
29	सम्पत्ति चिन्ह एवं दस्तावेजो से संबंधित अपराध (अध्याय–18)– I धारा–463 से 465, 468 से 474, 477 'अ'
30	सम्पत्ति चिन्ह एवं दस्तावेजो से संबंधित अपराध (अध्याय–18)–II धारा–489 ए से 489 डी
31	विवाह संबंधी अपराध (अध्याय–20) धारा–494, 497, 498
32	पति एवं उसके रिश्तेदारों द्वारा किये गये अत्याचार से संबंधी अपराध (अध्याय–20–अ) धारा–498–ए
33	मानहानि (अध्याय–21)
34	आपराधिक सूचना से संबंधित अपराध (अध्याय–22) धारा–503, 505, 506, 510
35	लोक सेवकों द्वारा किये गये अपराध (अध्याय–9) धारा– 161 से 171
	अन्य विविध धाराएँ – I
36	जल, थल एवं वायु सेना से संबंधित अपराध (अध्याय–7) धारा–131 से 140
37	सिक्के, मुद्रा तथा शासकीय स्टाम्प्स के विरूद्ध अपराध (अध्याय–12) धारा–230 से 233
38	नाप तौल से संबंधित अपराध (अध्याय–13) धारा– 264 से 267
39	धर्म से संबंधित अपराध (अध्याय–15) धारा– 295 से 298
40	अपराधों को करने के प्रयास (अध्याय–23) धारा–511
	अन्य विविध धाराएँ – II
41	मिथ्या साक्ष्य एवं लोक न्याय के विरूद्ध अपराध (अध्याय–11) धारा–201, 211, 222, 225'ए' 'बी'
	बिन्दु क्रमांक–29 से 41 विषयों पर टेस्ट
42	अभ्यास एवं परिचर्चा
43	भारतीय दण्ड विधान के विधिक प्रावधानों के आधार और महत्व पर किसी व्यवसायिक दक्ष अतिथि का व्याख्यान

पेपर - 2
भारतीय दण्ड विधान, न्याय शास्त्र तथा आपराधिक लघु अधिनियम
सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 3 - आपराधिक लघु अधिनियम

सत्र - 25 **अंक - 25**

क्र०	विषय
1	विविध आपराधिक लघु अधिनियमों का परिचय (विषय वस्तु, प्रस्तावना एवं क्षेत्र)
2	पुलिस एक्ट 1861
3	विधि विरूद्ध गतिविधि (प्रतिषेध अधिनियम 1967)
4	लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984
5	सार्वजनिक द्यूत अधिनियम 1967
6	अनैतिक व्यापार (प्रतिषेध) अधिनियम 1988
7	महिलाओं के प्रति अश्लीलता (निवारण) अधिनियम 1986
8	अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989
9	शस्त्र अधिनियम 1959
10	विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908
11	विस्फोटक अधिनियम 1884
12	दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961
13	मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस)
14	मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987
15	आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955
16	बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006
17	बाल श्रम (निषेध एवं नियमन) अधिनियम 1986
18	अभ्यस्त अपराधी अधिनियम
19	रेल्वे सामग्री (विधिविरूद्ध कब्जा) अधिनियम 1966
20	बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम 1920
21	वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972
22	न्यायालय अवमानना अधिनियम 1971
23	किशोर न्याय अधिनियम 2000 एवं किशोर/बाल न्याय (संरक्षण व देखरेख) अधिनियम 2006 व म.प्र. शासन के नियम
24	बंदी परिवीक्षा अधिनियम 1958
25	लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951
26	भ्रष्टाचार निवारण अधिनिमय 1988
27	उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986
28	पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986
29	कॉपी राईट अधिनियम 1957, ट्रेडमाक्र अधिनियम
30	विदेशी व्यक्ति अधिनियम 1946
31	पारपत्र अधिनियम 1967
32	मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम

33	मध्यप्रदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम
34	सूचना का अधिकार अधिनियम 2005
35	पीसीपीएनडीटी अधिनियम (The Pre-Natal Diagnostic Technique- Regulation & Prevention of Misuse- Act 1994)
36	The Medical Termination of Pregnancy Act – 1971
37	Money Laundering Act
38	Private security Agency (Regulation) Act, 2005
39	निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम
40	कोलाहल अधिनियम
41	गो हत्या से जुड़े हुये अधिनियम
42	चिटफंड से जुड़े अधिनियम

प्रोजेक्ट वर्क
पेपर 2
भारतीय दंड संहिता, न्याय शास्त्र एवं आपराधिक लघु अधिनियम

इस विषय में कुल 10 अंक के दो प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने होंगे जिनमें प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का होगा। पहला प्रोजेक्ट भाग 2 से होगा तथा दूसरा प्रोजेक्ट पेपर के भाग 1 या 3 से हो सकता है ।

पहला प्रोजेक्ट भाग 2 से होगा जिसमें किसी एक अपराध के अनुक्रम में घटित अन्य अपराधों को जोड़ने वाला फ्लोचार्ट या अपराध के विभिन्न प्रकारों को दर्शाता प्रोजेक्ट हो सकता है। उदाहरण के लिये "उपहति एवं चोटें" के विभिन्न प्रकारों, चोरी के या हत्या के या राहजनी के विभिन्न प्रकारों के बारे में हो सकते हैं । विषय प्रशिक्षक इस आधार पर अन्य शीर्षक बना सकते हैं ।

दूसरा प्रोजेक्ट भाग 1 या 3 से होगा । यह किसी लघु अधिनियम सेसंबंधित अपराध के घटित होने और पुलिस के लिये इसके प्रभाव पर हो सकता है । इसमें न्याय शास्त्र के विभिन्न पक्षों पर भी जैसे "दुराश या मेन्सरिया", सबूत का भार, शंका का लाभ, साक्ष्य व सिद्धी या न्याय से जुड़े सिद्धांतों पर भी प्रोजेक्ट बनाये जा सकते हैं ।

विषय की सूची - संभावित विषय (अन्य विषय स्थानीय स्तर पर जनपुअ द्वारा जोड़े जा सकते हैं।)

- न्याय के सिद्धान्त
- कोई कृत्य अपराध क्यो बनता है
- नैसर्गिक न्याय
- मेन्सरिया, उदाहरण सहित
- प्रमाणित करने का भार उदाहरण सहित
- आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तंभ
- शरीर संबंधी अपराध तथा चोटों के प्रकार
- शरीर संबंधी अपराध तथा आपराधिक मानव वध
- सम्पत्ति संबंधी अपराध - विभिन्न प्रकार की चोरियां
- सम्पत्ति संबंधी अपराध - विभिन्न प्रकार की लूट
- सम्पत्ति संबंधी अपराध - डकैती
- धोखाधड़ी तथा इससे संबंधित अपराध
- राज्य के विरूद्ध अपराध
- दुष्प्रेरण
- कृत्य के आधार पर आपराधिक धाराओं को चयन करने की कला
- दण्ड के प्रकार
- पुलिस एक्ट की विशेषतायें
- एक्रोसिटीज एक्ट तथा उसकी विशेषतायें
- आईटी एक्ट तथा उसकी विशेषतायें
- सार्वजनिक धूत अधिनियम तथा उसकी विशेषतायें
- आर्म्स एक्ट तथा उसकी विशेषतायें
- राईट टू इन्फारमेशन एक्ट तथा उसकी विशेषताये

पेपर - 3
दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम

सत्र - 100, अंक - 100

भाग – 1 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973

सत्र – 75 अंक – 75

क्र0	विषय
1	दंड प्रक्रिया संहिता का सामान्य परिचय, विस्तार एवं मुख्य तत्व, धारा–1
2	परिभाषा (अध्याय–1) धारा–2 अ से 2 य , धारा–4
3	लोक व्यवस्था एवं लोक प्रशांति बनाना – अवैध जमाव (अध्याय–10 अ) धारा– 129 से 132
4	लोक न्यूसेन्स (अध्याय–10 बी) धारा–133 से 143
5	न्यूसेन्स अथवा आशंकित खतरे के मामले (अध्याय–10'ग') धारा–144 स्थावर सम्पत्ति के विवाद (अध्याय–10 'घ') धारा– 145 से 148
6	पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियॉ (अध्याय–11) धारा–149 से 153
7	सदाचार एवं शांति बनाने हेतु सुरक्षा (अध्याय–8) धारा–106 से 110, 116 से 118, 120 से 122
8	व्यक्तियों की गिरफ्तारी (अध्याय–5) धारा– 41 से 60
9	पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की शक्ति तथा मजिस्ट्रेट और पुलिस को सहायता (अध्याय–4) धारा–36 से 40
	बिन्दु क्रमांक– 2 से 9 तक के विषयों का टेस्ट
10	पुलिस को सूचना एवं पुलिस की अन्वेषण शक्ति (अध्याय–12)–I धारा–154, 155
11	पुलिस की अन्वेषण शक्ति (अध्याय–12)– II धारा–156 से 159
12	साक्षियों का परीक्षण करने की पुलिस शक्तियॉ (अध्याय–12)– III धारा–160 से 164
13	अनुसंधान के दौरान प्रक्रिया के संबंधित तलाशी हेतु पुलिस की शक्ति (अध्याय–12)– IV धारा– 165 से 167
14	अनुसंधान की पूर्णता एवं उससे संबंधित प्रक्रिया (अध्याय–12)– V धारा–168 से 173
15	संदिग्ध मृत्यु की जॉच (मर्ग) (अध्याय–46)– VI धारा–174 से 176
	बिन्दु क्रमांक–10 से 15 तक विषयों का टेस्ट
16	दण्ड न्यायालयों एवं कार्यालयों का गठन (अध्याय–2) धारा– 6 से 20, 21, 24, 25
17	न्यायालय की शक्तियॉ (अध्याय–3) धारा–26 से 30
18	उपस्थिति हेतु बाध्य करने की आदेशिकाएँ (अध्याय–6)–I समंस धारा– 61 से 69
19	गिरफ्तारी वारंट (अध्याय–6)–II धारा–70 से 80
20	उद्घोषणा और कुर्की (अध्याय–6)–III धारा–82, 83, 87, 89, 90
	बिन्दु क्रमांक– 16 से 20 तक के विषयों का टेस्ट
21	चीजें पेश करने के लिए आदेशिका तथा तलाशी वारंट (अध्याय–7)–I धारा–91 से 95, 97 ,98
22	तलाशी संबंधी साधारण उपबंध (अध्याय–7)–II धारा–99 से 104, 105–ए से 105 एल
23	जॉच और विचारणों में दण्ड न्यायालयों की अधिकारिता (अध्याय–13) धारा–177 से 189
24	कार्यवाहियॉ शुरू करने के लिए अपेक्षित शर्तें (अध्याय–14) धारा–190 से 199
25	मजिस्ट्रेटों से परिवाद (अध्याय–15) धारा–200 से 203
26	मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही प्रारंभ किया जाना (अध्याय–16) धारा–204 से 210
27	आरोप (अध्याय–17) धारा–211, 215 से 224
28	सत्र न्यायालय के समक्ष विचारण (अध्याय–18) धारा–225 से 236

29	वारंट मामलों में मजिस्ट्रेट के समक्ष विचारण (अध्याय–19) धारा–238 से 250
30	समंस मामलों में मजिस्ट्रेट के समक्ष विचारण (अध्याय–20) धारा–251 से 259
31	जॉच एवं विचारण में साक्ष्य (अध्याय–23) धारा–273, 275, 280, 284, 291 से 294, 298 और 299
32	जॉच एवं विचारण में साधारण उपबंध (अध्याय–24) धारा–300, 301, 306 से 311, 313, 315, 316, 319 से 323
33	न्याय प्रशासन पर प्रभाव डालने वाले अपराधों के बारे में उपबंध (अध्याय–26) धारा–304, R/W 195, 344, 350
34	अपील (अध्याय–29) धारा–377, 378, 384
35	निर्देश एवं पुनरीक्षण (अध्याय–30) धारा–397, 399, 401
36	दण्डादेशों का निष्पादन निलंबन, छूट तथा लघुकरण (अध्याय–32) धारा–432
37	जमानत एवं बंधपत्र के उपबंध (अध्याय–33) धारा–436 से 444, 446 से 446 अ
38	कुछ अपराधों के संज्ञान के लिए परिसीमा (अध्याय–63) धारा–468 से 497
39	विविध (अध्याय–37) धारा–482
40	अपराधों का वर्गीकरण अनुसूची– I

पेपर – 3
दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम
सत्र – 100, अंक – 100
भाग – 2 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872

सत्र – 25 **अंक – 25**

क्र0	विषय
1	भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का परिचय (अध्याय–1) धारा–1
2	महत्वपूर्ण शब्दों की परिभाषा (अध्याय–1) धारा–3 व 4
3	तथ्यों की सुसंगति (अध्याय–2)–1 धारा–5 से 11, 14 व 15
4	संस्वीकृति (अध्याय–2)–2 धारा–17, 21, 22, 23, 24 से 30
5	मृत्यु पूर्व कथन (अध्याय–2)–3 धारा–32
6	विशेष परिस्थितियों में दिये गये कथन (अध्याय–2)–4 धारा–34, 35, 36
7	न्यायालय के निर्णय की सुसंगति (अध्याय–2)–6 धारा–40 से 43
8	अन्य व्यक्ति की राय (अध्याय–2)–7 धारा–45 से 51
9	चरित्र कब सुसंगत होगा (अध्याय–2)–8 धारा–52 से 54
10	तथ्य जिनका साबित किया जाना आवश्यक नहीं है (अध्याय–3) धारा–56 से 58
11	नौकरी साक्ष्य (अध्याय–4) धारा–59 व 60
12	दस्तावेजी साक्ष्य (अध्याय–5)–1 धारा–61 से 64, 65, 67, 73, 74
13	दस्तावेजी साक्ष्य (अध्याय–5)–2 धारा–74, 76, 77
14	दस्तावेजी साक्ष्य (अध्याय–5)–3 धारा–80, 89
15	साबित करने का भार (अध्याय–7) धारा–101 से 108, 110, 114
16	साक्षियों के विषय में (अध्याय–9) धारा–118 से 134
17	साक्षियों का परीक्षण (अध्याय–10) धारा–135 से 148, 153, 154, 156 से 162
18	साक्ष्य के अनुचित ग्रहण एवं अग्रहण के संबंध में (अध्याय–11) धारा– 167

प्रोजेक्ट वर्क

पेपर 3

दंड प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम

इस विषय में कुल 10 अंक के दो प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने होंगे जिनमें प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का होगा। पहला प्रोजेक्ट भाग 1 से तथा दूसरा भाग 2 से होगा।

पहला प्रोजेक्ट भाग 1 से होगा जिसमें दंड प्रक्रिया संहिता के किसी महत्वपूर्ण पक्ष से संबंधित फ्लोचार्ट या विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट होगी । उदाहरण के लिये प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों का फ्लोचार्ट, न्यायलयों के कार्य व अधिकार क्षेत्र, पुलिस को सूचना, पुलिस की अन्वेषण की शक्तियॉं, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियॉं, लोकशांति के लिये सुरक्षा और अच्छा व्यवहार हो सकते हैं । या विषय प्रशिक्षक इस आधार पर अन्य शीर्षक बना सकते हैं ।

दूसरा प्रोजेक्ट साक्ष्य अधिनियम के किसी पक्ष से संबधित होगा । इसमें काल्पनिक जप्ती मेमोरंडम (धारा 25 सा.आ.), काल्पनिक कथन, विशेष परिस्थितियों में लिये गये काल्पनिक कथन, अन्य व्यक्त/विशेषज्ञ की राय व इसका महत्व, दस्तावेजी साक्ष्य व उसका महत्व, मौशिक साक्ष्य, साक्षी की भूमिका, साक्षी का परीक्षण आदि शीर्ष हो सकते हैं । इनमें उदाहरण भी शामिल किये जाने चाहिये ।

विषय की सूची – संभावित विषय (अन्य विषय स्थानीय स्तर पर जनपुअ द्वारा जोड़े जा सकते हैं।)

- आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रक्रिया का महत्व
- लोकशांति व्यवस्था बनाये रखने के प्रावधान
- प्रतिबंधात्मक धाराये व कार्यवाही
- शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रावधान तथा प्रतिभूति
- अभिरक्षा तथा गिरफ्तारी
- पुलिस अधिकारियों की विवचेना की शक्तियां
- साक्षियों का परीक्षण
- तालाशी
- जप्ती
- अप्राकृतिक कृत्य तथा कानूनी प्रावधान
- विभिन्न प्रकार की न्यायालयों की शक्त्यिों तथा पद सोपान
- समन्स तथा वारंट
- जमानत तथा मुचलके
- कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा उनकी शक्तियां
- अनुसंधान के बाद न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करना।
- सुसंगत तथ्य
- मृत्युकालिक कथन
- भौतिक साक्ष्य
- मौखिक साक्ष्य
- दस्तावेजी साक्ष्य
- परिस्थितिजन्य साक्ष्य
- विशेषज्ञ की राय इत्यादि

पेपर - 4
अपराध अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण
सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 1 - अपराध अनुसंधान

सत्र - 75 **अंक - 75**

क्र०	विषय
1	थाना स्तर पर अनुसंधान अधिकारी की भूमिका
2	प्रकरणों के अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण में एसडीओपी की भूमिका,
3	प्रथम सूचना पत्र (एफ.आई.आर.) का पंजीयन एवं उसका महत्व
4	अपराध का परिदृश्य संरक्षण एवं मानचित्र बनाना (नजरी नक्शा)
5	साक्ष्य संग्रहण तथा विशेषज्ञों की सहायता
6	सम्पत्ति की तलाशी, बरामदगी एवं जप्ती (सर्च, रिकवरी एंड सीजर)
7	अनुसंधान के सामान्य सिद्धांत तथा बहुआयामी दृष्टिकोण
8	अनुसंधान में आसूचना की भूमिका
9	साक्षियों का परिक्षण एवं कथनों का अभिलिखित किया जाना
10	केस डायरी (सीडी) लेखन, काल्पनिक केस डायरी का निर्माण
11	विवेचना संबंधी ७ फॉर्म की जानकारी व संधारण
12	अपराध अनुसंधन के बाद चालान/खात्मा/खारजी प्रावधान, प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी - काल्पनिक चालान का निर्माण
13	आरोपी एवं संदेही से पूछताछ
14	आरोपी की गिरफ्तारी तथा गिरफ्तारी प्रक्रिया व प्रावधान, गिरफ्तारी पत्रक का अवलोकन तथा भरा जाना। महिलाओं के गिरफ्तारी। बच्चों के संबंध में प्रावधान। अभिरक्षा व गिरफ्तारी में अंतर। सर्वोच्च न्यायायल के प्रावधान।
15	पुलिस रिमाण्ड तथा ज्यूडिसियल रिमाण्ड, दोनो प्रकार के रिमाण्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा प्रावधान एव आधार। रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत प्रत्रक में आधार व औचित्य क्या, कैसे एवं क्यों, लिखा जाता है।
16	जमानत के प्रावधान, पुलिस के द्वारा जमानत, न्यायालय द्वारा जमानत के संबंध में पृथक-पृथक प्रावधान प्रक्रिया। जमानत मुचलका क्या होता है। जमानत के प्रकार
17	शिनाख्त परेड एवं उसका महत्व
18	अन्य पुलिस थाने से जॉच में समन्वय
19	शरीर संबंधी अपराधों का अनुसंधान
20	सम्पत्ति संबंधी अपराधों का अनुसंधान
21	सड़क दुर्घटनाओं का अनुसंधान
22	सफेद पोश अपराध का अनुसंधान
23	दस्तावेज एवं सिक्कों से संबंधी अपराध का अनुसंधान
24	अनुसंधान की प्रगति की रिपोर्टिंग एवं समीक्षा
25	सम्पूर्ण अनुसंधान योजना का निर्माण (इन्वेस्टीगेशन प्लान)

न्यायालय प्रबंधन

क्र०	विषय
1	पुलिस अनुसंधान के दौरान न्यायालय को भेजी जाने वाली प्रमुख सूचनायें तथा पुलिस अनुसंधान के दौरान अधिवक्ता के अधिकार तथा पुलिस की जिम्मेदारी
2	प्रकरण के विचारण का महत्व
3	न्यायालय के प्रकार एवं प्रक्रिया
4	अभियोग पत्र
5	न्यायालय कैलेंडर एवं फॉलो अप
6	कार्यादेश एवं स्थगन
7	साक्षियों की खोज
8	आरोपी की रिमाण्ड रिपोर्ट व मांग
9	शिनाख्त परेड
10	अभियोजन विभाग से समन्वय
11	समंस तामिली एवं वारंटों का निष्पादन
12	अभियोजन संबंधी अभिलेख
13	लम्बित विचारण प्रकरणों की समीक्षा एवं पुर्ननिरीक्षण
14	निर्णय एवं निर्णय की प्रतिलिपि
15	अपील एवं अपील की प्रक्रिया

पेपर - 4

अपराध अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण

सत्र - 100, अंक - 100

भाग - 2 अनुसंधान का पर्यवेक्षण एवं समस्या समाधान

सत्र - 25 **अंक - 25**

क्र.	विषय
1	अनुसंधान में पर्यवेक्षण अधिकारी की भूमिका
2	अपराध अनुसंधान हेतु इन्वेस्टीगेशन प्लान बनाने में सुपरबाईजरी अधिकारी की भूमिका
3	पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकर के अपराधों की विवेचना हेतु पर्यवेक्षण ''चेक लिस्ट'' बनाना तथा पर्यवेक्षण के दौरान उसका संज्ञान लेना।
4	पर्यवेक्षण नोट (सुपरविजन नोट), काल्पनिक सुपरबिजन नोट का निर्माण हत्या, डकैती, सार्वजनिक स्थान पर लूट, नकबजनी, धोखाधड़ी तथा हत्या के प्रयास के प्रकरणों में काल्पनिक सुपरविजन नोट का निर्माण ।
5	विशेष सूचना प्रकरण (स्पेशल रिपोर्ट) स्पेशल रिपोर्ट प्रकरणों मे सुपरविजन नोट लिखने का प्रोफामा तथा ध्यान देने योग्य बातें। सुपरविजन अधिकारी की जिम्मेदारी का निर्वाहन
6	पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा लिखी जाने वाली क्राईम डायजेस्ट, क्राईम डाइजैस्ट का प्रारूप, किसी अतिथि व्याख्याता एसडीओपी/सीएसपी का व्याख्यान तथा वास्तविक क्राईम डाईजेस्ट का अवलोकन तथा क्राईम डायजेस्ट का पर्यवेक्षण नोट से संबंध।
7	पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा अनुसंधनकर्ता को लिखे जाने वाले पत्र रिमाइण्डर्स तथा दिशा निर्देश न पालन करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के प्रावधान।

निम्नलिखित स्थितियों में समस्या समाधान तथा अनुसंधानात्मक पर्यवेक्षण -

	निम्नलिखित खण्डों में समस्या का समाधान ऐंसे पैंचीदा परिस्थितियों में किया जाना जहां पर पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी की यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वह घटना स्थल का निरीक्षण करने, साक्ष्यों के विश्लेषण करने अथवा केस डायरी के अवलोकन व अन्य किसी आधार पर विवेचना अधिकारी को विवेचना की दिशा निर्धारित करने में या बदलने में महत्वपूर्ण निर्देश देता हो। ऐंसी परिस्थिति में पर्यवेक्षण अधिकारी को क्या करना चाहिये इस हेतु ग्रुप डिस्कशन तथा अनुभवी व्याख्याताओं के व्याख्यान निम्न आधारों पर आयोजित किया जाना होंगे।
1	प्रथम सूचना पत्र से संबंधित समस्यायें और उनका निराकरण
2	गिरफ्तारी, जमानत एवं रिमाण्ड से संबंधित समस्यायें और उनका निराकरण
3	तलाशी, बरामदगी व जप्ती संबंधी समस्यायें और उनका निराकरण
4	अभियोग पत्र संबंधी समस्यायें और उनका निराकरण
5	विचारण से संबंधित (त्वरित विचारण) संबंधित समस्यायें और उनका निराकरण
6	अनुकूल और उपलब्ध संसाधनों से संबंधित समस्या का समाधान
7	सामाजिक चेतना के विरूद्ध दबावों की समस्या का समाधान
8	दबावों व प्रभावों के बीच काम करने की समस्या और उसका निराकरण
9	बलात्कार संबंधी अपराध- समस्या और निवारण
10	हत्या संबंधी अपराधों की समस्या का निराकरण
11	दंगे एवं आगजनी से संबंधित अनुसंधान की समस्या का निराकरण
12	छल संबंधी अपराधों की समस्या का निराकरण
13	धोखा धड़ी के अपराधों के अनुसंधान की समस्या का निराकरण

न्यायालय से संबंधित मुद्दो का प्रबंधन :-

1	उप पुलिस अधीक्षक के समक्ष जिला एवं उच्च न्यायालय से संबंधित मुद्दे
2	अपराध एवं अपराधी संबंधी अभिलेखों का महत्व
3	अपराध एवं अपराधी संबंधी अभिलेखों के प्रकार
4	अपराधों की रोकथाम एवं पतारसी में आपराधिक अभिलेख का विश्लेषण व उपयोग
5	अपराध अभिलेख का कम्प्युटरीकरण एवं महत्व (विवेचना के ७ फॉर्म, डीसीबारबी, एससीआरबी, सीपा सॉफ्टवेयर)
6	लोक व्यवस्था एवं यातायात से संबंधित अभिलेख और उनका संधारण
7	अभिलेखों का निरीक्षण, सुरक्षा एवं नष्टीकरण

प्रोजेक्ट वर्क

पेपर 4
अपराध अनुसंधान एवं पर्यवेक्षण

इस विषय में कुल 10 अंक के दो प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने होंगे जिनमें प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का होगा। पहला प्रोजेक्ट भाग 1 से तथा दूसरा भाग २ से होगा ।

पहला प्रोजेक्ट भाग 1 से होगा जिसमें अपराध अनुसंधान के किसी महत्वपूर्ण पक्ष से होगा जिसमें अनुसंधान की गहरी समझ को परख जा सके । प्रशिक्षणार्थी को एक काल्पनिक अपराध की केस डायरी लिखकर प्रस्तुत करनी होगी । इस डायरी में एफ.आई.आर., विवेचना के 7 फॉर्म (प्रकरण अनुसार) और अंतिम प्रतिवेदन प्रपत्र शामिल रहेंगे ।

दूसरा प्रोजेक्ट अपराध के पर्यवेक्षण का होगा । इसमे किसी काल्पनिक गंभीर अपराध का सुपरविजन नोट होगा। विशेष प्रतिवेदन प्रकरण के सुपरविजन नोट हेतु प्रदेश में प्रचलित प्रारूप में ही यह नोट बनाया जायें।

विषय की सूची - संभावित विषय (अन्य विषय स्थानीय स्तर पर जनपुअ द्वारा जोड़े जा सकते हैं।

- अनुसंधान करने के क्रमवार प्रक्रिया
- अनुसंधानकर्ता अधिकारी के कर्तव्य
- प्रथम सूचना लेख करना
- चालान पेश करना
- खात्मा व खारजी प्रकरण
- वित्तीय मामलों के अनुसंधान
- विभिन्न प्रकार की जमानत के प्रावधान
- अनुसंधान प्रक्रिया में अभियोजन का महत्व
- अनुसंधान प्रक्रिया में अधिवक्ता के अधिकार तथा महत्व
- शिनाख्तगी परेड
- सफेदपोश अपराधों के अनुसंधान
- प्रश्नास्पद दस्तावेज
- आपराधिक असूचना तथा अपराध अनुसंधान
- इन्टेरोगेशन टेक्नीक्स
- पर्यवेक्षण अधिकारी के कार्य
- पर्यवेक्षण अधिकारी की क्राईम डाईजेस्ट
- पर्यवेक्षण अधिकारी के द्वारा अनुसंधान प्रक्रिया में दिशा निर्देश
- आपराधिक रिकार्ड का कम्प्यूटराईजेशन
- स्पेशल रिपोर्ट प्रकरण

पेपर - 5
विधि विज्ञान (फोरंसिक साइंस)
सत्र - 100, अंक – 100

भाग - 1 विधि विज्ञान एवं अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता

सत्र - 60 **अंक - 60**

क्र०	विषय
1	प्रकरण के अनुसंधान में विधि विज्ञान का महत्व
2	विधि विज्ञान का विस्तार एवं संभावनाएँ (स्कोप एंड पॉसिबिलिटीज)
3	अपराध के परिदृश्य का संरक्षण एवं परीक्षण, सिद्धांत एवं संभावना
4	भौतिक साक्ष्य का संग्रहण
